## विजयादशमी चल समारोह में रामलीला की झांकियों ने शमां बांधा

# आदि शक्ति जगदम्बे को विदाई देने उमड़ा श्रद्धा का सैलाब





**जबलपुर।** शारदेय नवरात्र पर्व का समापन मंगलवार को विजयादशमीं पर रावण, कुंभकरण, मेघनाथ के पुतलों के दहन और दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ हो गया। मंगलवार की सुबह से ही प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला प्रारंभ हो गया था। जो प्रतिमाएं जुलूस में शामिल नहीं होती, उनमें से कई सुबह से बाजे-गाजे के साथ नर्मदा के भिटौली और तिलवारा कुंड के लिए रवाना हो गई थीं। प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला शुक्रवार को भी उपनगरीय क्षेत्रों में जारी रहा।

### डेढ़ घंटे लेट हुआ जुलूस

शहर में परम्परानुसार शाम को नगर निगम चौक से एक भव्य विजयादशमीं जुलूस श्री गोविंदगंज रामलीला समिति के नेतृत्व में निकाला गया। इस अवसर पर जुलूस मार्ग पर भारी संख्या में जनसैलाब मौजूद था। जय दुर्गे, जय काली, जय श्रीराम के उद्घोष के साथ शाम 7.00 के बजाये 8.30 बजे के बाद मुख्य जुलूस नगर निगम चौक से प्रारंभ हुआ। अपने परम्परागत मार्गों से यह जुलूस हनुमानताल सरोवर पहुंचा, जहां प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

### पहली प्रतिमा का रात 2 बजे विर्सजन

पहली प्रतिमा जहां रात 2 बजे विसर्जित की गई, वहीं अंतिम प्रतिमा का विसर्जन सुबह 11 बजे तक हुआ। जुलूस में प्रतिमाओं की संख्या साल दर साल घटती जा रही है। इस साल 21 दुर्गा प्रतिमाएं चल समारोह में शामिल हुई। गोविंदगंज रामलीला समिति की भव्य व आकर्षक 20 से अधिक झांकियों ने चल समारोह को भव्यता व आकर्षण प्रदान किया।

### झांकियों में धर्म-राजनीति-समाज का चित्रण

इस बार चलित झांकी में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्र स्वाभिमान, अंतराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध विभीषका, हामुर्ज की तहत विश्वव्यापी तेल संकट, जेनजी का जनआक्रोश, रावण जटायु युद्ध, त्रिशूल वाले शंकर जी, कटकासुर और भगवान विष्णु का युद्ध के अलावा राम रावण के पारंपरिक युद्ध की झांकी व मेघनाद कुंभकरण के पुतले जनाकषर्ण का केंन्द्र रही। वहीं राम रावण की चलित झांकी जमकर सराही गई। जुलूस में लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, पूर्व मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया, डॉ. अभिलाष पांडे, पूर्व विधायक विनय सक्सेना, रामलीला समिति के अध्यक्ष अनिल तिवारी, नेताप्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, नगर निगम अध्यक्ष रिंकूज विज, वरिष्ठ नेता दिनेश यादव, कमलेश रावत, पं.सतीश उपाध्याय, राकेश पाठक, रवि गुप्ता, आदि गणमान्य नागरिक चल रहे थे।

### 21 प्रतिमाएं शामिल

रामलीला जुलूस के बाद दुर्गा प्रतिमाओं का जुलूस प्रारंभ हुआ। परम्परानुसार नगर निगम चौक से प्रारंभ हुआ चल समारोह का समापन हनुमानताल में प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ सम्पन्न हुआ। अपने निर्धारित समय से करीब डेढ़ घंटे विलंब से शाम 8.30 बजे से प्रारंभ हुए चल समारोह में शामिल अंतिम प्रतिमा का विसर्जन सुबह 10.30 बजे हुआ। इस वर्ष 21 प्रतिमाएं शामिल हुईं। मुख्य दशहरा चल समारोह के आकर्षण एवं भव्यता के साथ-साथ दर्शनार्थियों की संख्या में कमी नहीं आई, जुलूस मार्ग पर शाम ढलते ही दर्शनार्थियों की भीड़ बढने लगी थी। शाम ढलती रही और भीड़ बढ़ती गई। सडक के दोनों ओर छोर पर खड़े दर्शनार्थी बेसब्री से रामलीला के जुलूस की प्रतीक्षा करते रहे। शाम 7 बजे के निर्धारित समय पर रामलीला का जुलूस नगर निगम चौराहे पर पहुंच गया था। पूजन अर्चन के बाद जुलूस रात 8.30 बजे प्रारंभ हो सका। श्री गोविंदगंज रामलीला समिति का नगर निगम चौराहे पर भगवान श्री रामचन्द्र जी का पूजन अर्चना लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, सांसद आशीष दुबे, सीए अखिलेश जैन, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक लखन घनघोरिया, विधायक अभिलाष पांडे, नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, निगम अध्यक्ष रिंकुज बिज व एमआईसी सदस्यों रजनी कैलाश साहू, सुभाष तिवारी, अंशुल राघवेंद्र यादव आदि ने कर प्रारंभ कराया।

### नगर की सेठानी चांदी की रथ पर निकली

परंपरानुसार सर्वप्रथम सुनरहाई दुर्गोत्सव समिति की भव्य प्रतिमा, रंग-बिरंगी विद्युत छटाओं से जगमगाती हुई बीजाडांडी नृत्य के साथ भव्यता बिखेरते हुए विसर्जन स्थल की ओर रवाना हुई। इसके बाद क्रमशः नगर की सेठानी दुर्गोत्सव समिति गुनहाई की दुर्गा प्रतिमा चांदी का रथ जनआकर्षण का केंद्र था, दुर्गोत्सव समिति कोष्ठी मंदिर, दुर्गोत्सव समिति राजा सागर मार्ग, दुर्गोत्सव समिति जमुनिया कुआं मिलौनीगंज, राष्ट्रीय दुर्गोत्सव समिति, तिलक भूमि तलैया इसके पीछे क्रमशः सर्वशक्ति दुर्गोत्सव समिति, गलगला, स्नेह युवा दुर्गोत्सव समिति बड़ी खेरमाई, नव जागृति दुर्गोत्सव समिति त्रिमूर्ति नगर, संजय गांधी मार्केट बल्देवबाग, मित्र मिलन दुर्गोत्सव समिति मुमताज बिल्डिंग, बड़ी खेरमाई, संत रविदास दुर्गोत्सव समिति चौधरी मोहल्ला समारोह में शामिल रहीं। इसके पीछे श्री धनुषधारी भव्यता के साथ दुर्गोत्सव समिति मिलौनीगंज की प्रतिमा विशाल साज सज्जा युक्त झांकी के साथ चल रही थी।

### एक दशहरा गढ़ाफाटक में भी

एक तरफ नगर निगम चौक से हनुमानताल तक दशहरा था तो दूसरी तरफ गढ़ाफाटक में श्री वृहत महाकाली महोत्सव समिति कालीधाम का अपना एक अलग ही दशहरा था। रात 9 बजे मंदिर प्रांगण से शुरु हुआ जुलूस रात 3 बजे यातायात तिराहे के पास पहुंच सका। रास्ते भर दशहरे जैसी भीड़ प्रतिमा के साथ रही। इस साल भीड़ भाड़ और धक्का मुक्की से बचते हुए बड़ी तदाद में माता रानी के दर्शन करने लोग फ्लाईओवर के ऊपर भी मौजूद रहे। तड़के 4 बजे से जब जुलूस यातायात थाने के आगे निकला तब बड़ी माता महाकाली की प्रतिमा पीछे निकली उसके बाद भी भीड़ बनी रही। जुलूस पथ पर करीब 16 घंटे जुलूस बना रहा। सुबह 10.30 बजे बड़ी महाकाली का हनुमानताल में विर्सजन हो सका। पिछले 6 सालों से श्री वृहत महाकाली महोत्सव कालीधाम में अपने जुलूस में परिवर्तन किया है। यह प्रतिमा तीनपत्ती चौक में नंबर लगने के बजाय रात 9 बजे के लगभग अपने उद्गम स्थल गढ़ाफाटक से जुलूस के लिए रवाना हुई और रात 3.00 बजे करीब यातायात थाने के सामने पहुंची। दशहरा जुलूस में सबसे पीछे माता महाकाली की प्रतिमा शामिल हो गई थी, पूरे जुलूस में प्रतिमा का इंतजार किया जा रहा था भीड़ का आलम यह था कि भीड़ संभाले नहीं संभल रही थी हर कोई माता रानी के चरण छूने आतुर दिखा। माँ काली की प्रतिमा आते ही जयकारे के नारे लगने लगे। माँ का रथ खींचने श्रद्धालुओं की होड़ लगी हुई थी।

### सदर में शानदार जुलूस निकला

उपनगरीय क्षेत्र सदर में विजयादशमी चल समारोह पूरी आन-बान-शान के साथ श्रद्धाभक्ति से निकाला गया। सदर क्षेत्र में विराजित 21 प्रतिमाएं इस जुलूस में शामिल हुईं। सदर रामलीला समिति ने जुलूस का नेतृत्व किया। सदर के मुख्य मार्ग व गलियों से होता हुआ यह जुलूस मोतीलाल नेहरू अस्पताल के पास स्थित सदर तालाब पहुंचा, जहां कुछ प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ और कुछ प्रतिमाएं वापस अपने पंडालों में पहुंची, जिनका विसर्जन आज नर्मदा में किया गया। आरसी ग्राउण्ड में शानदार आतिशबाजी की गई और रावण, कुंभकर्ण के विशाल पुतलों का दहन किया गया। इस समारोह में विधायक अशोक रोहाणी, कांग्रेसनेता आलोक मिश्रा, चिंटू चौकसे, प्रेम दुबे, जदयू प्रदेश अध्यक्ष सूरज जायसवाल, आदि शामिल रहे।

### भीड़ ने कीर्तिमान तोड़े

इस वर्ष दशहरा जुलूस में भारी भीड़ ने एक नया कीर्तिमान भी रचा। जुलूस के उद्गम स्थल नगर निगम चौक से समापन स्थल हनुमानताल तक खचाखच भीड़ नजर आ रही थी। उतने ही लोग मार्ग के दोनों तरफ बैठे थे और उससे चार गुनी भीड़ सडकों पर चहलकदमी करती हुई नजर आ रही थी।

### स्वागत मंचों पर रुकी प्रतिमाएं

जुलूस में शामिल प्रतिमाओं को स्वागत मंचों पर पूजन अर्चन किया गया जिससे जुलूस रुकता रहा। यह बात अच्छी रही रामलीला जुलूस और प्रतिमाओं के बीच गेप नहीं रहा, फिर भी जुलूस धीरे-धीरे आगे बढ़ता रहा है, और 10 घंटे प्रतिमायें चलती रही। शिक्षक कांग्रेस समरसता सेवा संगठन, वैश्य महासम्मेलन, रानी दुर्गावती छात्र संघ, विश्वकर्मा समाज, बेन समाज और विभिन्न सामाजिक सांस्कृतिक संगठनों ने स्वागत मंच लगाकर प्रतिमाओं का पूजन अर्चन किया और वरिष्ठ जनों का सम्मान किया। इसी प्रकार मालवीय चौक पर पत्रकार पंडित अरुण शुक्ला, श्रीमति सुशीला शुक्ला की स्मृति में जुलूस में शामिल गणमान्य नागरिकों का सम्मान किया गया और माता को चुनरी व श्रीफल अर्पित कर आर्शीवाद लिया गया। इस अवसर पर पत्रकार आशीष शुक्ला, मनोज नामदेव आदि उपस्थित थे।

---

**जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक**

## योजनाओं के लक्ष्य पूरे करने के लिए डेढ़ गुना आवेदन भेजें : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने स्वरोजगार एवं हितग्राहीमूलक योजनाओं के लक्ष्य पूरे करने के लिए निर्धारित लक्ष्य से डेढ़ गुना आवेदन भेजने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक में उन्होंने बैंकों द्वारा निरस्त प्रकरणों की दोबारा समीक्षा और लंबित आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण करने को कहा। बैठक में पीएम स्वनिधि, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।

### सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का प्राथमिकता से करें निराकरण

कलेक्टर ने स्वास्थ्य, नगर निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और विद्युत विभाग सहित संबंधित अधिकारियों से लंबित शिकायतों की जानकारी लेकर शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। एसडीएम और तहसीलदारों से भी तहसीलवार प्रगति की समीक्षा की। कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक में फाइलों का व्यवस्थित संचालन, टिप्पणियों में स्पष्टता और भाषा संबंधी त्रुटियों से बचने के निर्देश दिए गए। न्यायालयीन प्रकरणों, शासन के पत्रों, सीएम मॉनिट एवं सीएस मॉनिट मामलों और मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर समयसीमा में कार्रवाई करने को कहा गया। साथ ही कार्यालयों में स्वच्छता और समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

---

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह बोले भारतीय संस्कृति में शास्त्र और शस्त्र दोनों का महत्व, कानून के दायरे में रहने वालों की सुरक्षा पुलिस का दायित्व

# पुलिस लाइन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शस्त्र-वाहनों का पूजन

हरिभूमि, जबलपुर।

विजयादशमी के पावन पर्व पर पुलिस लाइन जबलपुर में मंगलवार को पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-अनुष्ठान कर शस्त्र एवं वाहनों का पूजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों ने सहभागिता कर शस्त्र पूजन की परंपरा का निर्वहन किया। पूजन के माध्यम से शक्ति, सुरक्षा, कर्तव्यनिष्ठा और कानून-व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, राज्यसभा सदस्य सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी एवं नीरज सिंह ठाकुर, पुलिस उप महानिरीक्षक अतुल सिंह, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा और पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।



### शास्त्र मार्गदर्शन देते हैं, शस्त्र सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शस्त्र पूजन भारतीय संस्कृति और परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। हमारी प्राचीन परंपरा में शास्त्र और शस्त्र दोनों के पूजन का विधान है। शास्त्र समाज और शासन को उचित मार्गदर्शन देते हैं, जबकि कानून का उल्लंघन करने वालों पर नियंत्रण और नागरिकों की सुरक्षा के लिए शस्त्र की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि शासन व्यवस्था के सुचारु संचालन और नागरिकों को संविधान एवं कानून के अनुरूप आगे बढ़ने के लिए शास्त्रों का मार्गदर्शन आवश्यक है। वहीं, कानून के विरुद्ध आचरण करने वालों से निपटने के लिए शस्त्रों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। पुलिस को शास्त्र और शस्त्र दोनों की मर्यादा एवं जिम्मेदारी का निर्वहन करना होता है। पुलिस का प्रमुख दायित्व संविधान और शासन के दायरे में रहकर कार्य करने वाले नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### पूजन के बाद हुआ हर्ष फायर

विधि-विधान से शस्त्र पूजन के बाद हर्ष फायर किया गया। इसके साथ ही पुलिस वाहनों का भी पूजन किया गया। डीआईजी अतुल सिंह और एसपी संपत उपाध्याय ने संस्कारधानी के नागरिकों को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दीं।

### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, अपर कलेक्टर रविशंकर राय एवं शैलेंद्र सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। पुलिस विभाग की ओर से एएसपी सिटी डॉ. आयुष जाखड़, एएसपी जोन-3 मनीष भारद्वाज, एएसपी क्राइम जितेंद्र सिंह, जोन-4 एएसपी अंजना तिवारी, एएसपी ट्रैफिक अखिलेश तिवारी, नगर पुलिस अधीक्षक और रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

## जनसंवाद एवं विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

**जबलपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में पाटन में वृक्षारोपण, जनसंवाद एवं लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वच्छ ग्राम गुरु पिपरिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड में 'एक पेड़ मां के नाम 3.0' अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने का संदेश दिया गया। मंत्री श्री पटेल ने नाग तालाब पार्क परिसर में आयोजित जनसंवाद में आम नागरिकों से संवाद कर जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने तथा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष आचार्य जगेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बस स्टैंड के सामने सेल्फी पॉइंट, रेस्ट हाउस के सामने ओपन जिम सहित वार्ड क्रमांक 8 में शंकर जी का चबूतरा तथा कालीमाई मंदिर परिसर में पेवर ब्लॉक एवं टीन शेड कार्यों का लोकार्पण किया गया।

---

नशामुक्त भारत का संदेश लेकर निकले विभिन्न राज्यों के पुलिसकर्मी, भोपाल के लिए हुए रवाना

# राष्ट्रीय एकता बाइक रैली का भव्य स्वागत, 150 पुलिस राइडर्स सम्मानित

हरिभूमि, जबलपुर।

राष्ट्रीय एकता दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आयोजित नेशनल मोटर साइकिल रैली मंगलवार को जबलपुर पहुंची। झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर राज्यों की पुलिस के करीब 150 बाइक राइडर्स का जबलपुर में भव्य स्वागत कर सम्मान किया गया। रैली के माध्यम से पुलिसकर्मियों ने नशामुक्त भारत, राष्ट्रीय एकता और सड़क सुरक्षा का संदेश दिया।

रैली महात्मा गांधी संस्थान केंद्र से रवाना होकर आधारताल तिराहा, रद्दी चौकी और घमापुर चौक होते हुए सामुदायिक भवन पहुंची। यहां पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने एएसपी सिटी-2 डॉ. आयुष जाखड़, एएसपी जोन-3 मनीष भारद्वाज और रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य की उपस्थिति में रैली में शामिल पुलिसकर्मियों का सम्मान किया।



### नशे से दूर रहने का दिया संदेश

रैली का प्रमुख उद्देश्य नशे के दुष्परिणामों के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और स्वस्थ, सुरक्षित व नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए लोगों को प्रेरित करना है। कार्यक्रम में बताया गया कि नशे की लत केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही प्रभावित नहीं करती, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। विशेष रूप से युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल और सकारात्मक गतिविधियों से जुड़ने का संदेश दिया गया।

### नारों के माध्यम से फैलाई जागरूकता

इस दौरान 'नशामुक्त भारत, स्वस्थ भारत', 'नशे को ना, जिंदगी को हां', 'नशा छोड़ो, परिवार जोड़ो' और 'सड़क सुरक्षा अपनाएं' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध सामूहिक प्रयास करने और समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने का आह्वान किया गया।

### स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर होगा समापन

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर देश के विभिन्न राज्यों की पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और सुरक्षा एजेंसियों की सहभागिता से आयोजित यह रैली राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और जनसेवा का प्रतीक है। रैली में शामिल बाइक राइडर्स विभिन्न राज्यों से होते हुए 31 अक्टूबर को गुजरात के केवड़िया स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पहुंचेंगे, जहां सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर इसका समापन होगा।

### भोपाल के लिए हुए रवाना

जबलपुर से 150 बाइक राइडर्स 21 बुधवार को महात्मा गांधी संस्थान केंद्र, आधारताल से भोपाल के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम के संयोजन में रक्षित निरीक्षक जयप्रकाश आर्य के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक अमित शिववंशी, रक्षित निरीक्षक राहुल बघेल और पुलिस लाइन के अन्य कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।

---

लाइव वीडियो में रॉड टूटने का घटनाक्रम दिखने का दावा, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

# सेल्फी नहीं, झूले का दरवाजा खुलने से हुआ था हादसा!

अनुरोध पटेरिया

**जबलपुर।** गोलबाजार मैदान में आयोजित मेले में जीरो ग्रेविटी झूले से दो लोगों के गिरने की घटना में अब नया मोड़ सामने आया है। हादसे के बाद सेल्फी लेने के दौरान दुर्घटना होने की बात कही गई थी, लेकिन सामने आए लाइव वीडियो ने हादसे की वजह को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में झूले के दरवाजे के पास लगा लोहे का रॉड टूटने और दरवाजा खुलने जैसा घटनाक्रम दिखाई देने का दावा किया जा रहा है। इसके बाद झूले पर सवार दो लोग बाहर गिरते नजर आते हैं। हालांकि, हादसे की वास्तविक वजह की पुष्टि तकनीकी जांच के बाद ही हो सकेगी।

### सुरक्षा इंतजामों की जांच जरूरी

घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल झूले की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उठ रहा है। यदि दरवाजे के पास लगा रॉड टूटने से दरवाजा खुला, तो झूला शुरू करने से पहले उसकी तकनीकी जांच किसने की थी? क्या दरवाजे में पर्याप्त लॉकिंग व्यवस्था थी? क्या झूला संचालित करने वाले कर्मचारियों ने सुरक्षा उपकरणों की जांच की थी? इन बिंदुओं पर निष्पक्ष जांच जरूरी है। जीरो ग्रेविटी जैसे झूलों में सवार लोगों की सुरक्षा के लिए दरवाजे और लॉकिंग सिस्टम की मजबूती महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में लाइव वीडियो में दिखाई देने वाले घटनाक्रम की पुष्टि के लिए झूले के टूटे हिस्सों, लॉकिंग सिस्टम और अन्य सुरक्षा उपकरणों की तकनीकी जांच कराई जानी चाहिए। घटना के समय मौजूद कर्मचारियों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान भी हादसे की वजह स्पष्ट करने में महत्वपूर्ण हो सकते हैं।



### अनुमति और फिटनेस पर भी उठे सवाल

मेले में झूले के संचालन की अनुमति, तकनीकी फिटनेस और सुरक्षा मानकों के पालन की स्थिति भी जांच के दायरे में आनी चाहिए। संबंधित अधिकारियों को यह स्पष्ट करना चाहिए कि झूले की जांच कब हुई थी और संचालन से पहले सुरक्षा संबंधी किन मानकों का सत्यापन किया गया था। दुर्घटना बीमा से संबंधित दस्तावेजों की स्थिति की भी पड़ताल जरूरी है। यदि जांच में तकनीकी खामी या सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही सामने आती है, तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही मेले में संचालित अन्य झूलों की सुरक्षा व्यवस्था की जांच भी जरूरी है।

### सेल्फी को वजह मानने से पहले हो निष्पक्ष जांच

हादसे के बाद सेल्फी लेने की बात सामने आई थी, लेकिन अब वायरल हो रहे लाइव वीडियो के घटनाक्रम की जांच किए बिना दुर्घटना की वजह तय करना उचित नहीं होगा। पुलिस और प्रशासन को वीडियो, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर वास्तविक कारण स्पष्ट करना चाहिए। सवाल यह है कि यदि झूले का दरवाजा खुलने से दोनों लोग गिरे थे, तो सुरक्षा व्यवस्था में चूक के लिए जिम्मेदार कौन है? हादसे की निष्पक्ष जांच और जिम्मेदारी तय होने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक तस्वीर सामने आ सकेगी।

हेडिंग को अधिक संतुलित बनाकर दीजिए।
वीडियो वाले दावे को सावधानी से लिखिए।
रिपोर्ट को संक्षिप्त और कसी हुई बनाइए।

**सुबह तक घाट पर चलता रहा विसर्जन**

# चल समारोह में 11 दुर्गा प्रतिमायें शामिल







## ये प्रतिमायें चल समारोह में हुईं शामिल

नगर के एतिहासिक दशहरा चल समारोह में जयमानस गढिया मोहल्ला,समर्पण दुर्गोत्सव जैन मंदिर के पीछे, स्टार युवा समिति,विजय ज्योति कटरा मोहल्ला,संगम युवा समिति,अखंड ज्योति गढिया मोहल्ला,युवा संगम समिति,जय मां समिति,जय ज्योति आजाद चौक सहित अन्य समितियों की प्रतिमाएं शामिल रही। प्रतिमाओं का जगह जगह भक्तों ने पूजन कर आशिर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पार्षद बेबी विनय पाल,गीता पटेल,किशन जानवानी,ख्याल दास जानवानी, राजेश दाहिया,सारिका साहू,साधना साहू,प्रमोद चौधरी, वर्षा ठाकुर,सुप्पी बर्मन,सुग्रीव श्रीवास,सोनू मिश्रा आदि उपस्थित थे।

**सिहोरा।** नगर का मुख्य दशहरा चल समारोह मंगलवार को भक्तिमय महौल में सिहोरा नगर पालिका के संयोजन में निकला जिसमें आदिशक्ति को बिदाई देने हजारों भक्तों की भीड़ सड़कों पर देखने को मिली। चल समारोह में कुल 11 प्रतिमाएं ही इसमें शामिल हुई।

## अपार जन सैलाव ने दी माता को बिदाई

नगर के मुख्य चल समारोह शुभारंभ स्थल कटरा मोहल्ला में कुछ को छोड़ दें तो बाकी पार्षदों सहित अनेक गणमान्य नागरिकों का गायब रहना चर्चा विषय बना रहा। जबकि यह समारोह किसी पार्टी का न होकर शहर का दुर्गा उत्सव था जिसमें सभी को शामिल होना था पर ऐसा हो न सका।लगता है कुछ लोगों का उदेश्य केवल चुनाव जीतने तक ही सीमित रहता है। चल समारोह मार्ग के दोनो तरफ बैठे हजारों भक्तों में शामिल बच्चे युवक युवतियां बुर्जुग सहित अपार जन सैलाब मां भगवती को विदाई देने आतुर नजर आया।

## विधायक ने किया प्रथम प्रतिमा का पूजन

इस बार रात्रि करीब 8.30 बजे कटरा मोहल्ला से प्रारम्भ हुए चल समारोह में शामिल गढिया मोहल्ला द्वारा स्थापित माता महाकाली की प्रथम प्रतिमा का विधायक संतोष बरकडे,नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे,उपाध्यक्ष शारदा तिवारी,मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप झारिया आदि ने पूजन अर्चन किया चल समारोह झंडा बाजार,काल भैरव चौक सरावगी मोहल्ला,हरदौल मंदिर,बाबाताल से होकर निकला जो हिरन नदी मझंगवा घाट खितौला में प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न हुआ। विसर्जन का क्रम शाम 5 बजे से प्रारम्भ हो गया था जो सुबह तक चलता रहा। नगर पालिका के सुशील वर्मा ने बताया रात्रि में करीब चार दर्जन से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन हो चुका था। दुसरे दिन भी सुबह से शाम तक प्रतिमाओं के विसर्जन का क्रम चलता रहा ।

## चुस्त दुरुस्त दिखा पुलिस प्रशासन

एसडीएम ज्योति परस्ते,नायब तहसीलदार राजेश मिश्रा,सीएओ प्रदीप झारिया के साथ एंव सिहोरा थाना प्रभारी प्रतिक्षा मार्को,खितौला थाना प्रभारी चन्द्रकांत झा दल बल के साथ चल समारोह के साथ सिहोरा खितौला एंव विसर्जन स्थल में व्यवस्था बनाने में सक्रिय दिखे जिससे चल समारोह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इसी तरह नौ दिनों तक फिर चल समारोह में डीजे की गति को नियंत्रित करने के लिए भी प्रशासन की नगरवासियों ने प्रसंशा की है।

## भक्तों के लिये रात भर चले भंडारे

शिवमंदिर बाबाताल में झंकार समिति,बरा मोहल्ला खितौला में वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद अजय बेटू शर्मा द्वारा चल समारोह में शामिल हजारों भक्तों के लिए विशाल भंडारे रात भर चलते रहे। इसी तरह विसर्जन स्थल हिरन नदी घाट पर पर समाजसेवी विजय जानवानी द्वारा चाय बिस्किट की व्यवस्था सभी के लिए की गई थी।

## नगर पालिका की व्यवस्था को सभी ने सराहा

विसर्जन स्थल नृसिंह मंदिर घाट हिरन नदी में प्रतिमा विसर्जन के लिए नगर पालिका सिहोरा द्वारा की गई शानदार व्यवस्था को सभी ने सराहा चल समारोह एंव विसर्जन स्थल पर की गई व्यवस्था में नगर पालिका के देवेन्द्र व्यास,नमन श्रीवास्तव,संतोष सूर्यवंशी,राजेश ठाकुर,मयंक जैन,संतोष तिवारी,अमर चौहान,त्रिलोक नारायण पाठक,विजय बैगा,सुजीत पटेल,प्रदीप पांडे,संतोष बैगा,कल्पना दिक्षित,अनिकेत तिवारी,कृष्णा विल्हा,बब्लू महोबिया,रवि बर्मन आदि का सराहनीय योगदान रहा।



## विजयादशमी पर राजपूत समाज ने किया अस्त्र-शस्त्र पूजन

**सिहोरा।** श्री महावीर स्वामी समाज कल्याण एवं विकास समिति के तत्वावधान में गढ़िया मोहल्ला स्थित राजपूत समाज द्वारा विजयादशमी पर अस्त्र-शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी रामप्रसाद ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि रूपसिंह ठाकुर एवं महेंद्र सिंह रहे। समाजबंधुओं ने विधि-विधान से पूजन किया। प्रमोद सिंह, आलोक सिंह एवं आदर्श ने राजपूत समाज के गौरवशाली इतिहास और वर्तमान में उसकी भूमिका पर विचार रखे। कार्यक्रम संयोजक गोपाल सिंह ठाकुर ने कहा कि विजयादशमी आत्मशुद्धि, साधना और राष्ट्र की सैन्य शक्ति को सुदृढ़ करने का संदेश देती है। इस दौरान समाजबंधुओं ने शारीरिक कौशल का प्रदर्शन भी किया। अंत में मां भवानी की आरती की गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में रामजी ठाकुर, महनसिंह, धर्मेंद्र सिंह, वसंत सिंह, किरण सिंह, संतोष सिंह, मनोज सिंह, नारायण सिंह, विजय सिंह, कुबेर सिंह, प्रकाश सिंह, माधव सिंह, नन्हे सिंह एवं त्रिलोक सिंह सहित विवेक, आनंद, अतुल, रोनित, वीरेंद्र, ऋषि, विकास, विशाल, सौरम, अर्पित, निशांत, निहाल, नैतिक, पियुष, विनायक, अनुज, राजवीर, रोहित एवं अजय का योगदान रहा।

## बरेला में धूमधाम से निकला दशहरा चल समारोह



**बरेला।** असत्य पर सत्य की विजय का पर्व विजयादशमी नगर में धूमधाम से मनाया गया। नौ दिनों तक माता रानी की आराधना के बाद दसवें दिन भव्य चल समारोह निकाला गया, जो देर रात तक चला। एक दर्जन से अधिक झांकियों और प्रतिमाओं ने समारोह को आकर्षक बनाया। रामलीला समिति द्वारा राम-रावण युद्ध का मंचन कर रावण दहन किया गया।

नगर परिषद द्वारा बस स्टैंड पर दुर्गा उत्सव एवं महाकाली उत्सव समितियों सहित नगर के पत्रकारों का सम्मान किया गया। साथ ही माता रानी की प्रतिमाओं का पूजन-अर्चन कर नगर की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई।

कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतीक दुबे, उपाध्यक्ष सोनम सोनू सोनकर, मंडल अध्यक्ष अर्पित जैन एवं पार्षदगण उपस्थित रहे। चल समारोह को भव्य बनाने में राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और व्यापारियों का सहयोग रहा। नगर परिषद के अधिकारियों-कर्मचारियों ने क्रेन की सहायता से प्रतिमाओं का विसर्जन कुंड में विसर्जन कराया। आयोजन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में नगर परिषद, विद्युत विभाग एवं पुलिस प्रशासन की भूमिका सराहनीय रही।



## बम्हनी में विराजीं 51 फीट ऊंची मां महाकाली, दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु

**बरेला।** ग्राम पंचायत बम्हनी में इस वर्ष भी मन्नत वाली मां महाकाली की 51 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। नवरात्रि के प्रथम दिन घट स्थापना के साथ धार्मिक आयोजन का शुभारंभ हुआ। विशाल प्रतिमा के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। आयोजन समिति के रामेश्वर साहू ने बताया कि यह आयोजन का तीसरा वर्ष है, जिसमें मां महाकाली की 51 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। प्रतिमा को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। समिति के अनुसार, 23 अक्टूबर को शाम 5 बजे मां महाकाली की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। आयोजन समिति के रामेश्वर साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, लखन साहू, सोनू साहू एवं समस्त ग्रामवासियों ने श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होकर मां महाकाली के दर्शन करने की अपील की है।

## बरेला में रावण दहन, जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा मैदान

**बरेला।** विजयादशमी पर 21 अक्टूबर को रामलीला मैदान में राम-रावण युद्ध और रावण दहन के साथ धर्म की अधर्म पर विजय का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। आयोजन देखने स्थानीय एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।रामलीला में लक्ष्मण द्वारा मेघनाद वध, सती सुलोचना संवाद और पाताल लोक में हनुमानजी द्वारा अहिरावण वध के प्रसंगों का सजीव मंचन किया गया। सती सुलोचना के भावुक प्रसंग ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।इसके बाद भगवान श्रीराम और रावण के बीच भीषण युद्ध का मंचन हुआ। श्रीराम के अग्निबाण से रावण वध होते ही उसके विशाल पुतले का दहन किया गया। आकर्षक आतिशबाजी के बीच पूरा रामलीला मैदान 'जय श्रीराम' के जयकारों से गूंज उठा। आयोजन ने बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया।

## फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश को राष्ट्रीय संबद्धता

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश में फ्लाइंग किक खेल के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स एसोसिएशन इंडिया ने फ्लाइंग किक स्पोर्ट्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश को आधिकारिक संबद्धता प्रदान की है।एसोसिएशन मध्यप्रदेश के महासचिव राजकुमार यादव एवं कोषाध्यक्ष एडवोकेट जयराज चौधरी की भेंट के दौरान राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. के.एस. काजल और राष्ट्रीय महासचिव विकास कुमार पासवान ने संबद्धता पत्र प्रदान किया। प्रदेश में पिछले 10 वर्षों से फ्लाइंग किक खेल के प्रचार-प्रसार एवं विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय संबद्धता मिलने से प्रदेश में इस खेल के विस्तार और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के नए अवसर मिलने की उम्मीद है।

## संबलपुर–प्रयागराज एकतरफा स्पेशल ट्रेन 23 अक्टूबर को चलेगी

**जबलपुर।** यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने संबलपुर जंक्शन से प्रयागराज जंक्शन के बीच एकतरफा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 08305, 23 अक्टूबर 2026 को संबलपुर से शाम 4:30 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 9:30 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। पश्चिम मध्य रेल के कटनी मुड़वारा स्टेशन पर सुबह 4:10 बजे और सतना स्टेशन पर सुबह 5:40 बजे ठहराव रहेगा। ट्रेन झारसुगुड़ा रोड, रायगढ़, बिलासपुर, अनूपपुर, शहडोल, कटनी मुड़वारा, सतना और मानिकपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इसमें 4 स्लीपर, 12 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 2 द्वितीय चेयरकार तथा 2 सामान्य द्वितीय श्रेणी-सह-गार्ड ब्रेकवैन कोच होंगे।

## महापौर कप सीनियर पुरुष स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप 23 से

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश कबड्डी संघ के संचालन तथा जबलपुर कॉरपोरेशन कबड्डी संघ के आयोजन में महापौर कप सीनियर पुरुष स्टेट कबड्डी चैंपियनशिप का उद्घाटन 23 अक्टूबर को शाम 4 बजे एमएलबी खेल परिसर में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू करेंगे। संघ के अध्यक्ष एवं आयोजन समिति अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह पप्पू तथा सचिव शानू यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश के 20 जोनों से 320 खिलाड़ी, कोच, मैनेजर एवं निर्णायक भाग लेंगे। इस अवसर पर जिला कबड्डी संघ अध्यक्ष डॉ. अमित साहू, संयोजक प्रदीप जटिया, जेएएफ कबड्डी संघ के सचिव मनीष रजक, पुष्पेंद्र पांडे, परमू लाल, प्रवीण अग्रहरि, अनिकेत परीदा और संजय पांडे सहित खिलाड़ी उपस्थित रहेंगे। प्रतियोगिता से प्रदेश में कबड्डी प्रतिभाओं को अपनी खेल क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

## संयुक्त संचालक घनश्याम सोनी सम्मानित

**जबलपुर।** शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट कार्यों एवं विभागीय दायित्वों के प्रभावी निर्वहन के लिए जबलपुर संभाग के संयुक्त संचालक लोक शिक्षण घनश्याम सोनी को सम्मानित किया गया। भोपाल के रविन्द्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, विभाग के प्रमुख सचिव संजय गोयल, आयुक्त लोक शिक्षण अभिषेक सिंह सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। श्री सोनी को मिला सम्मान उनके विभागीय कार्यों के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

**श्रीमती मोहनी देवी सक्सेना-** न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री सुशीष कुमार सक्सेना की धर्मपत्नी श्रीमती मोहनी देवी सक्सेना (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष अरोरा-** पत्रकार कॉलोनी रानीताल निवासी श्री संतोष अरोरा (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रामचरण तिवारी-** कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री रामचरण तिवारी (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुन्नी बाई विश्वकर्मा-** रामनगर रामपुर निवासी श्री हरीलाल विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई विश्वकर्मा (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रंजीत कुमार वाल्मीक-** रांझी स्थित गांधी व्यायाम शाला के पास निवासी श्री रंजीत कुमार वाल्मीक (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोना बाई-** प्रेमसागर निवासी श्री घासीराम डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती सोना बाई (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**सुश्री सोनिया बहल-** आईडियल हिल्स नर्मदा रोड निवासी श्री गुलशन कुमार बहल की पुत्री सुश्री सोनिया बहल (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शैलेंद्र झारिया-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री शेलेंद्र झारिया का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बद्री प्रसाद-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री बद्री प्रसाद (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती-** बेलबाग टोरिया निवासी श्री ठाकुरदीन डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री फूलचंद रैकवार-** कृष्णा कॉलोनी सुहागी निवासी श्री फूलचंद रैकवार (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री निष्कर्ष चौधरी-** झामनदास चौक के पास सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री नितिन चौधरी के पुत्र श्री निष्कर्ष चौधरी (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रजनी गजवे-** पावन भूमि शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री देवराज गजवे की धर्मपत्नी श्रीमती रजनी गजवे (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामेश्वर प्रसाद कोरी-** तुलसी मोहल्ला घमापुर निवासी श्री रामेश्वर प्रसाद कोरी (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती निशा रैकवार-** प्रेमनगर मदनमहल एलआईसी के पास निवासी श्री अशोक रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती निशा रैकवार (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।




**श्रीमती पार्वती ठाकुर-** बेलबाग टोरिया निवासी श्री गया प्रसाद ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती ठाकुर (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुनीता ठाकुर-** भोले कुटि के पीछे शक्तिनगर निवासी श्री सतीश चंद्र ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता ठाकुर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मधु सैनी-** दुर्गा नगर रामपुर निवासी श्री विजय कुमार सैनी की धर्मपत्नी श्रीमती मधु सैनी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मोती लाल पासी-** नेता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री मोती लाल पासी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती दस्सो चौधरी-** कुचबंधिया मोहल्ला शीतलामाई निवासी श्री अनिल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती दस्सो चौधरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कविता श्रीवास्तव-** मांडवा टेंडर 2 रामपुर निवासी श्री विश्वनाथ श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती कविता श्रीवास्तव (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तस्वीरिया बाई-** कृष्णा सिटी करमेता निवासी श्री जगदीश प्रसाद जोगीनाथ की धर्मपत्नी श्रीमती तस्वीरिया बाई (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती तुलसी बाई-** गुप्तेश्वर एमजीएम के पास निवासी श्री चंद्रभान की धर्मपत्नी श्रीमती तुलसी बाई (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम रानी रैकवार-** जबेरा दमोह निवासी श्री रमेश रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम रानी रैकवार (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरला दुबे-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री प्रदीप कुमार दुबे की धर्म्मपत्नी श्रीमती सरला दुबे (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अधीनेराम पटेल-** पटेल मोहल्ला महाराजपुर निवासी श्री अधीनेराम पटेल (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सरला देवी ठाकुर-** दीक्षितपुरा निवासी श्री चंद्रभान सिंह ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सरला देवी ठाकुर (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री बिन्देश्वर ठाकुर-** न्यू शोभापुर निवासी श्री बिन्देश्वर (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री श्याम सुंदर वर्मा-** नई बस्ती कजरवारा निवासी श्री श्याम सुंदर वर्मा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री नंद किशोर अग्रवाल-** मदनमहल सिम्पलेक्स के पास निवासी श्री नंद किशोर अग्रवाल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती उमा सोंधिया-** रामनगर रामपुर निवासी श्री शंकर लाल सोंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती उमा सोंधिया (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री बिशनदास कलवानी-** नर्मदा रोड स्थित मॉल के सामने निवासी श्री बिशनदास कलवानी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बेला चौधरी-** शांति नगर व्हीकल रोड रांझी निवासी श्री एके चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती बेला चौधरी (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।



# विजयादशमी पर स्वयंसेवकों ने निकाले पथ संचलन, पूर्ण गणवेश में किया कदमताल

**भोपाल की विभिन्न बस्तियों में निकले संघ के 50 से अधिक पथ संचलन, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत**

**अनुशासन-राष्ट्रभक्ति का दिखा संगम शस्त्र पूजन के कार्यक्रम भी किए गए आयोजित**



विजयादशमी पर आरएसएस के पथ संचलन में पूर्ण गणवेश में कदमताल करते स्वयंसेवक। शहर में 50 से अधिक स्थानों पर संचलन और शस्त्र पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विजयादशमी के पावन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से सोमवार को भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों में 50 से अधिक पथ संचलन एवं शस्त्र पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। विभिन्न बस्तियों में निकले पथ संचलनों में हजारों स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। पूर्ण गणवेश में कदमताल करते स्वयंसेवकों के अनुशासित संचलन ने नगर में राष्ट्रभक्ति, संगठन शक्ति और सामाजिक समरसता का वातावरण निर्मित किया। इस अवसर पर आम नागरिकों ने भी उत्साह के साथ सहभागिता की। विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

उल्लेखनीय है कि अभी तक 68 संचलन निकल चुके हैं 150 से अधिक निकालने की योजना है। आगामी 25 अक्टूबर को वाल्मीकि जयंती के दिन बड़ी संख्या में पथ संचलन संपन्न होंगे।

**संघ चालक अशोक पांडे बोले-**

## समाज में संगठन और सेवा भाव को मजबूत करने की आवश्यकता

आंबेडकर नगर की कोटरा बस्ती में सरस्वती स्कूल परिसर से पथ संचलन में प्रांत संघ चालक अशोक पांडे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने संघ की स्थापना, उसकी सौ वर्ष की यात्रा और वर्तमान परिदृश्य में संघ कार्य की भूमिका पर विचार रखे। पंच परिवर्तन के विषय को विस्तार से समझाते हुए समाज में जागरुकता, संगठन और सेवा भाव को मजबूत करने की आवश्यकता बताई। विभिन्न बस्तियों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से स्वयंसेवकों को समाज के बीच सक्रिय रहकर सेवा कार्यों में योगदान देने, सामाजिक समरसता बढ़ाने और राष्ट्रहित के कार्यों में सहभागी बनने की प्रेरणा दी गई।








विजयादशमी पर आंबेडकर नगर बस्ती में निकले पथ संचलन में शामिल स्वयंसेवक। अन्य तस्वीर में स्वयंसेवकों को संबोधित करते अतिथि।

**सामाजिक जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका आवश्यक: कैलाश लोवंशी**

आंबेडकर नगर के नेहरू नगर बस्ती में डी सेक्टर स्थित पानी की टंकी के पास शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भोपाल विभाग के प्रचारक कैलाश लोवंशी मुख्य वक्ता रहे। अंबेडकर नगर के नगर संघ चालक गोपालदास मेहता उपस्थित रहे, जबकि सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी एवं शास्त्रीय गायक उल्लास तैलंग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक बिस्पुते की उपस्थिति भी रही। मुख्य वक्ता कैलाश लोवंशी ने पंच परिवर्तन की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक जीवन में सकारात्मक बदलाव के लिए प्रत्येक व्यक्ति की सक्रिय भूमिका आवश्यक है।

### परिवार को संस्कारों की पहली पाठशाला, सभी वर्गों के सहयोग पर जोर

आंबेडकर बस्ती स्थित आराधना उद्यान में आयोजित कार्यक्रम में तात्या टोपे भाग के भाग संघचालक ज्ञान प्रकाश तिवारी मुख्य वक्ता रहे। सह संघचालक रामस्वरूप राय और स्थानीय समाजसेवी एवं कार्यक्रम अध्यक्ष विकास शर्मा उपस्थित रहे। यहां संघ की सौ वर्ष की यात्रा, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन और पंच परिवर्तन जैसे विषयों पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने परिवार को संस्कारों की पहली पाठशाला बताते हुए परिवार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर आत्मीयता का भाव विकसित करने और समाज के सभी वर्गों के साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### जनसहभागिता ने बढ़ाया उत्साह

पथ संचलन के दौरान अनेक स्थानों पर नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का अभिनंदन किया। लोगों ने अनुशासित कदमताल का स्वागत करते हुए उत्साहवर्धन किया। नागरिकों की यह सहभागिता कार्यक्रमों का विशेष आकर्षण रही। संघ के स्वयंसेवकों ने भी अनुशासन और एकजुटता के साथ संचलन में भाग लेकर सामाजिक जीवन में संगठन की महत्ता का संदेश दिया।

### सीएम ने दी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 101वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्र के नव निर्माण व गौरवशाली इतिहास की पुनर्स्थापना के संकल्प के लिए समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 101 वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि संघ ने अपनी दीर्घ यात्रा में मां भारती की सेवा के लिए असंख्य स्वयंसेवक दिए। अनुशासन, समर्पण और श्रम के प्रतीक, सभी स्वयंसेवक मातृभूमि के लिए अपने संकल्पों को साकार करें, यही मंगलकामना है।

**मां काली की पूजा और शस्त्र-पूजन कर सीएम बोले- राम राज्य की स्थापना ही हमारा ध्येय**

# सीएम डॉ. यादव ने विजयादशमी पर्व पर मुख्यमंत्री निवास में किया शस्त्र-पूजन

**शस्त्र-पूजन शक्ति, सुरक्षा और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध का प्रतीक**

**मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दीं विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं**



मुख्यमंत्री निवास पर शस्त्र पूजन करते सीएम डॉ. मोहन यादव।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विजयादशमी पर मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में शस्त्र-पूजन किया। उन्होंने शक्ति स्वरूपा मां काली की पूजा-अर्चना कर यज्ञ में आहुति दी और पुलिस के अत्याधुनिक शस्त्रों, वाहनों का पूजन किया। इस दौरान सुरक्षा अधिकारी समीर यादव का तिलक भी किया।मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दशहरे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शस्त्र पूजन शक्ति, सुरक्षा और कर्तव्यबोध का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि भगवान राम के आदर्शों से प्रेरणा लेकर लोक कल्याण और राम राज्य की स्थापना हमारा ध्येय है। गरीब कल्याण और हर नागरिक के कष्ट दूर करना प्राथमिकता है। उन्होंने आरएसएस स्थापना दिवस की भी बधाई दी।

**सांकेतिक रूप से किया हर्ष फायर**

### मंत्रोच्चार व विधि-विधान से पुलिस लाइन में शस्त्र पूजन संपन्न, मंत्री सारंग व सांसद शर्मा ने की पूजा



शस्त्र पूजन करते मंत्री विश्वास, सांसद आलोक, पुलिस कमिश्नर संजय।

**भोपाल।** विजयादशमी पर नेहरू नगर पुलिस लाइन में परम्परागत शस्त्र पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मंत्रोच्चार के साथ शस्त्रों, वाहनों और मशीनरी का पूजन कर हवन किया गया, बाद में सांकेतिक हर्ष फायर हुआ। इस अवसर पर मंत्री विश्वास सारंग, महापौर मालती राय, सांसद आलोक शर्मा, पुलिस कमिश्नर संजय कुमार, संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कमिश्नर संजय कुमार ने पुलिस परिवार और शहरवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं।



शस्त्र पूजन करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया शस्त्र पूजन**

*भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने विजयादशमी के पावन अवसर पर मंगलवार को रक्षित केंद्र, बैतूल में विधि-विधान के साथ शस्त्र पूजन कर विजयादशमी की शुभकामनाएं दीं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि सनातन परंपरा में शस्त्र पूजन धर्म की रक्षा, न्याय की स्थापना और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध का प्रतीक है। यह परंपरा शक्ति के साथ दायित्व, साहस के साथ मर्यादा और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण के शाश्वत मूल्यों को अभिव्यक्त करती है।*

### विजयादशमी पर्व पर प्रदेश के जिलों में शस्त्र-पूजन कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

विजयादशमी पर प्रदेश के सभी जिलों में परम्परागत शस्त्र-पूजन कार्यक्रम आयोजित हुए। सनातन संस्कृति में यह परम्परा शक्ति के विवेकपूर्ण उपयोग और राष्ट्र सुरक्षा के कर्तव्यबोध का प्रतीक है। इंदौर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, ग्वालियर में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, मंदसौर में डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा और रीवा में राजेन्द्र शुक्ल शामिल हुए। धार में कैलाश विजयवर्गीय, जबलपुर में राकेश सिंह समेत सभी मंत्रियों ने प्रभार जिलों में पूजन किया। नव नियुक्त कलेक्टरों ने भी धूमधाम से शस्त्र पूजन कर शुभकामनाएं दीं।

**सिविल लाइन थाना क्षेत्र का मामला, ठेले की आड़ में गोरखधंधा**

# जाली नोट खपाने वाले गिरोह का पर्दाफाश पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में पुलिस ने जाली नोट खपाने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी दशहरा मेले में भीड़ का फायदा उठाकर 200 रुपये के जाली नोट चला रहे थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने मामले का खुलासा किया है।

जानकारी के अनुसार, पुलिस ने आरपी नगर फेज-1 इलाके में कार्रवाई की। आरोपी खिलौने बेचने और ठेला लगाने की आड़ में जाली नोटों का धंधा कर रहे थे। वे दशहरा मेले में लगी दुकानों और ठेलों पर सामान खरीदने के बहाने 200 रुपये के जाली नोट चला रहे थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपी जाली नोटों को बाजार में आसानी से खपाने के लिए लोगों की भीड़ का फायदा उठा रहे थे।

### साधारण कागज पर करते थे छपाई

पूछताछ में पता चला कि आरोपी साधारण कागज पर 200 रुपये के नोट की छपाई कर रहे थे। पुलिस ने उनके पास से 200 रुपये के 15 जाली नोट जब्त किए हैं। इनकी कुल कीमत 3,000 रुपये है। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि शंभू नाम का एक युवक जाली नोट छापने का काम करता था, जबकि दूसरा आरोपी उन्हें बाजार और मेले में खपाता था। दोनों ने हाल ही में जाली नोट चलाने का काम शुरू किया था, लेकिन इससे पहले कि वे ज्यादा नोट बाजार में खपा पाते, पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस कर रही बारीकी से जांच

पुलिस आरोपियों की पहचान, उनके निवास स्थान और अब तक बाजार में खपाए गए नकली नोटों की संख्या का पता लगा रही है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश के साथ ही जाली नोटों की छपाई के ठिकाने का भी पता लगाया जा रहा है।

**आरोपियों के कब्जे से 566 ग्राम गांजा और 1500 नकद बरामद**

# मादक पदार्थ बेचने के आरोप में महिला सहयोगी सहित पुरुष आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गुण्डरदेही पुलिस ने गांजा बेचने के आरोप में एक युवक और उसकी महिला सहयोगी को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से 566 ग्राम गांजा और बिक्री के 1,500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा नशे के अवैध कारोबार पर नजर रखी जा रही है। 20 अक्टूबर को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गुण्डरदेही बस स्टैंड स्थित शौचालय के पास अनिकेत बघेल अवैध रूप से गांजा बेच रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर दबिश दी। तलाशी के दौरान अनिकेत के कब्जे से 566 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। विवेचना के दौरान इस अवैध कारोबार में अरुणा बघेल की संलिप्तता भी सामने आई। इसके बाद पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया और गांजा बिक्री से प्राप्त 1,500 रुपये नकद जब्त किए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनिकेत बघेल (28), पिता संतोष बघेल और अरुणा बघेल (42), पति सुदामा गाड़ा, दोनों निवासी वार्ड क्रमांक 11, गुण्डरदेही के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ थाना गुण्डरदेही में अपराध क्रमांक 354/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(ख) में मामला दर्ज किया है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। बालोद पुलिस ने आम जनता से नशामुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने और अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़ी जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की है।

**टोरंटो से बैंकॉक होते हुए आया विमान, नियमित उड़ान शुरू होने में लगेंगे डेढ़ से दो महीने**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और वीवीआईपी यात्राओं में होगा इस्तेमाल**

# मप्र सरकार का नया जेट विमान भोपाल पहुंचा, 234 करोड़ रुपए में खरीदा बॉम्बार्डियर चैलेंजर-3500, सफर सुरक्षित, सरल होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार का नया आधुनिक जेट विमान बॉम्बार्डियर चैलेंजर-3500 भोपाल पहुंच गया है। करीब 234 करोड़ रुपए की लागत से खरीदे गए इस विमान का इस्तेमाल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और अन्य अति विशिष्ट व्यक्तियों की यात्राओं के लिए किया जाएगा।

विमान कनाडा के टोरंटो से बैंकॉक होते हुए भोपाल पहुंचा। हालांकि, इसे नियमित उड़ान सेवा में शामिल करने से पहले जरूरी कानूनी और तकनीकी औपचारिकताएं पूरी की जानी हैं। अनुमान है कि विमान के नियमित संचालन में डेढ़ से दो महीने का समय लग सकता है। बॉम्बार्डियर चैलेंजर-3500 आधुनिक सुविधाओं से लैस व्यावसायिक जेट विमान है। इसकी उड़ान क्षमता लगभग 6,297 से 6,300 किलोमीटर बताई गई है। विमान करीब 45 हजार फीट की अधिकतम ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है, जबकि इसकी अधिकतम गति लगभग 882 किलोमीटर प्रति घंटा है। लंबी दूरी की यात्राओं के लिए तैयार इस विमान से मुख्यमंत्री और अन्य वीवीआईपी यात्राओं को सुविधाजनक बनाने की योजना है। नए जेट के संचालन की तैयारी के तहत मध्यप्रदेश के कैप्टन विश्वास राय और कैप्टन अरविंद सिंह कनाडा में प्रशिक्षण लेकर लौटे हैं।



### डीजीसीए की मंजूरी के बाद शुरू होगा नियमित संचालन

विमान के भोपाल पहुंचने के बाद अब इसके नियमित संचालन की तैयारी की जा रही है। इसके लिए जरूरी कानूनी और तकनीकी प्रक्रियाएं पूरी होना बाकी हैं। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की टीम भोपाल पहुंचकर आवश्यक जांच और औपचारिकताएं पूरी करेगी। नियामकीय मंजूरी मिलने और शेष प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद ही विमान नियमित उड़ान सेवा में शामिल हो सकेगा।

### 270 करोड़ रुपए निजी कंपनी को विमान सेवा के लिए दे चुकी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की हवाई यात्राओं के लिए विमान का कॉल साइन सी-फ्लर्म बताया गया है। हालांकि मप्र एवियशन डिपार्मेंट एटीसी के कॉल साइन इंतजार जल्द ही खत्म होगा। आगामी दिनों में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हाईटेक और आधुनिक विमान में सफर करते हुए नजर आएंगे।

### 268 करोड़ रुपए का होगा बीमा

विमान की सुरक्षा और जोखिम को देखते हुए सरकार करीब 268 करोड़ रुपए का ऑल-रिस्क बीमा कराने की तैयारी में है। इसके लिए सालाना लगभग दो करोड़ रुपए का प्रीमियम आने का अनुमान है। विमान के संचालन से संबंधित बीमा और अन्य आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करना भी प्रक्रिया का हिस्सा है।

### डॉ. पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**इंदौर।** अपना दल के संस्थापक एवं गरीब, शोषित, वंचित तथा पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले जननायक डॉ. सोनेलाल पटेल के परिनिर्वाण दिवस पर राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम के कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. अतुल ने कहा, डॉ. पटेल के विचार और संघर्ष हमें प्रेरणा देते हैं कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को सम्मान, समान अवसर और अधिकार मिलें। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. पटेल के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना और सामाजिक समरसता तथा समानता के मूल्यों को मजबूत करना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# उपनगरीय क्षेत्रों में भी विजयादशमी की धूम

## अधारताल, कांचघर में भी धूमधाम से निकला दशहरा जुलूस

**जबलपुर।** उपनगरीय क्षेत्र अधारताल और कांचघर में दशहरा के दूसरे दिन विसर्जन जुलूस बुधवार को धूमधाम से निकाले गये। अधारताल में भी निकला शानदार जुलूसउपनरीय क्षेत्र अधारताल में भी बुधवार को दशहरा जुलूस धूमधाम से निकाला गया। रद्दी चौकी से प्रारंभ हुए इस जुलूस में 11 दुर्गा प्रतिमाएं शामिल हुई। जुलूस का नेतृत्व अधारताल रामलीला समिति ने किया। जुलूस अपने परंपरागत मार्गो से होते हुए अधारताल पहुंचा, जहां जलाशय में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। रामलीला मैदान के पास रामचंद्रजी ने रावण कुंभकरण मेघनाथ के पुतलों का दहन किया। चल समारोह में विधायक अशोक रोहाणी, विधायक लखन घनघोरिया, विधायक इंदू तिवारी, पूर्व मंत्री सुश्री कौशल्या गोटिया, श्रीराम शुक्ला, महेश राजपूत, मनीष अग्रहरि आदि गणमान्य लोग शामिल थे।



### कांचघर में निकला भव्य दशहरा जुलूस

कांचघर में भी दशहरा चल समारोह 21 अक्टूबर बुधवार को राम मंदिर जीसीएफ स्टेट प्रांगण से प्रारंभ हुआ, जो चुंगी चौकी, कांचघर, शीतलामाई, बाई का बगीचा होते हुए घमापुर चौक पहुंचा। जहां से प्रतिमाएं विसर्जन स्थल के लिए रवाना हुई। जुलूस में 10 दुर्गा प्रतिमाएं शामिल हुई। चल समारोह में श्री गिरिजा शंकर रामलीला समिति द्वारा प्रस्तुत की गई। राम रावण युद्ध का चलित झांकी, रावण मेघनाथ, कुंभकरण के पुतले, हाथी के ऊपर सवार शंकर पार्वती एवं गणेश की सवारी, ऊंट, घोड़े आतिशबाजी दशहरा चल समारोह में आकर्षण का केन्द्र रही। जूलूस में विधायक लखन घनघोरिया, पूर्व विधायक अंचल सोनकर, रमाकांत रावत, कल्लन गुप्ता, डॉ घनश्याम यादव, संजय साहू, जीएस ठाकुर, अशोक रोहतास, मुरलीधर राव, एड. तरुण रोहितास, सरमन रजक, आदि मौजूद थे।

## गढ़ा में 25 प्रतिमाओं के साथ निकला चल समारोह

**जबलपुर।** गढ़ा गोंडवाना का ऐतिहासिक दशहरा चल समारोह गुरुवार को अपनी परंपरा, भव्यता और धार्मिक वैभव के साथ निकाला गया। श्री रामलीला समिति गढ़ा के नेतृत्व में संकट मोचन मंदिर, गौतम गंज से रात्रि 7 बजे भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं हनुमान जी के पूजन-अर्चन के साथ चल समारोह का शुभारंभ हुआ। ढोल-नगाड़ों की गूंज, बैंड की धुन, दुलदुल घोड़ी का नृत्य, आकर्षक झांकियों और आतिशबाजी के बीच निकले इस भव्य समारोह में 25 प्रतिमाएं शामिल हुईं, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह एवं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू सहित रामलीला समिति के संचालक अशोक मनोध्याय, दशहरा चल समारोह अध्यक्ष अजय तिवारी धतुरहा, समिति अध्यक्ष एवं निर्देशक राजेश मिश्रा, महामंत्री एडवोकेट अरुण दीक्षित, राकेश पाठक, लोकराम कोरी, मनोज पाटकर एवं संकट मोचन मंदिर समिति के सदस्यों ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण एवं हनुमान जी का पूजन-अर्चन किया। अतिथियों के स्वागत के पश्चात जय श्रीराम के उद्घोष के साथ शोभायात्रा आगे बढ़ी।



### झांकियों ने मोहा मन

श्री रामलीला समिति की ओर से निकाली गई झांकियों में रथ पर विराजमान भगवान शिव, श्रीराम-रावण युद्ध का जीवंत दृश्य, नौ देवियों की झांकी तथा रावण, मेघनाद एवं कुंभकरण के विशाल पुतले विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। आधुनिक विद्युत सज्जा से सुसज्जित झांकियों और आतिशबाजी ने समारोह की भव्यता में चार चांद लगा दिए। मेजर बीटी तिराहे पर विभिन्न झांकियों एवं देवी प्रतिमाओं के एक साथ सम्मिलित होने से चल समारोह ने विराट स्वरूप धारण कर लिया। ऐतिहासिक शोभायात्रा शुक्ला नगर से प्रारंभ होकर एकता चौक, मेजर बीटी तिराहा, आनंदकुंज, पंडा की मढ़िया, त्रिपुरी तिराहा एवं देवताल होते हुए गढ़ा रामलीला मैदान पहुंची। पूरे मार्ग में जय श्रीराम के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। रामलीला मैदान में परंपरानुसार भगवान श्रीराम द्वारा रावण, कुंभकरण एवं मेघनाद के पुतलों का दहन किया गया। चल समारोह में मंडल अध्यक्ष प्रणय गुप्ता, पार्षद प्रिया संजय तिवारी, पूजा श्रीराम पटेल, मनीष महेश पटेल, सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, कोषाध्यक्ष गुलशन माखिजा, रमाशंकर कटारे, राजेंद्र प्यासी, हरीश मनोध्याय, नीलेश चौबे, पंकज अवस्थी, देवेंद्र मनोध्याय, आदि उपस्थित रहे।

## औद्योगिक कॉरिडोर पर कैट ने जताया आभार

**जबलपुर।** जबलपुर-भोपाल-इंदौर 550 किलोमीटर लंबे औद्योगिक कॉरिडोर की स्वीकृति पर कैट टीम जबलपुर ने लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के सिविल लाइंस स्थित निवास पर पहुंचकर आभार व्यक्त किया। टीम ने मुख्यमंत्री एवं राकेश सिंह के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह कॉरिडोर प्रदेश में औद्योगिक विकास, व्यापार, निवेश, रोजगार सृजन और कनेक्टिविटी को नई दिशा देगा। इस अवसर पर कैट जिला अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया, महामंत्री जितेंद्र पचौरी, संभाग अध्यक्ष दीपक सेठी, संदेश जैन, राजा सराफ, रोहित खटवानी, महिला विंग प्रभारी सीमा सिंह चौहान, संजय चड्ढा, राजा नागदेव, पिंकी जैन, प्रवीण गुलाटी, निखिल पहवा, मनोज जसाठी, तरुण अग्रवाल, आशीष इंदुराख्या, अरुण निखरा, कल्लू चिरोलिया, विवेक गोस्वामी, धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, संदीप भूरा, राजपाल बजाज, मेवा लाल चिरोलिया, ओम प्रकाश अग्रवाल, संजय जैन एवं नम्रता भाटिया उपस्थित रहे।



## सिंदूर खेला के बाद मां दुर्गा को भावभीनी विदाई

**जबलपुर।** सिद्धि बाला बोस लाइब्रेरी एसोसिएशन, सिटी बंगाली क्लब की 101वीं दुर्गा पूजा का समापन बुधवार को पारंपरिक धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ। सुबह सिंदूर खेला के बाद शाम 4 बजे मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई। सफेद-लाल पारंपरिक बंगाली वेशभूषा में महिलाओं ने ढाक की थाप पर नृत्य किया। शोभायात्रा करमचंद चौक, नौदरा ब्रिज, नगर निगम कार्यालय और तीन पत्ती होते हुए ग्वारीघाट स्थित विसर्जन कुंड पहुंची, जहां विधि-विधान से प्रतिमा विसर्जन किया गया। मां की विदाई पर श्रद्धालुओं ने भावुक होकर कहा, "आश्चे बोछोर आबार होबे" (अगले वर्ष फिर मां आएंगी)।इस अवसर पर सुब्रत पाल, तृष्णा चटर्जी, प्रकाश साहा, दीपांकर बनर्जी, श्यामल मुखर्जी, आशीष घोष, सुरजीत गुहा, तापस चक्रवर्ती, चंदन कारफोर्मा, सौरभ चटर्जी, मुकुल घोष, आई.बी. रुद्रा, संगीता भद्रा, अनुराग पाल, शेखर डे, आशीष सेन, आर.एन. दत्ता, विश्वजीत घोष, अभिजीत घोष, सौरव सोम और सुब्रत रॉय सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजजन उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से सुख-समृद्धि और शांति की कामना करते हुए अगले वर्ष पुनः आगमन की प्रार्थना की।

## कृषि शिक्षाविद् अतुल श्रीवास्तव का यूको बैंक ने किया सम्मान

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व डीन (कृषि अभियांत्रिकी) डॉ. अतुल कुमार श्रीवास्तव को आईएसएई लाइफटाइम अचीवमेंट गोल्ड मेडल-2026 मिलने पर यूको बैंक, आधारताल शाखा ने अभिनंदन समारोह आयोजित कर सम्मानित किया। डॉ. श्रीवास्तव को उनके 41 वर्षों के शैक्षणिक, शोध एवं प्रशासनिक योगदान के लिए यह सम्मान मिला है। शाखा प्रबंधक प्रज्ञा अग्रवाल सहित बैंक अधिकारी मोहित लेखवानी, रोशनी नागवंशी, धीरज पाटिल, घनश्याम, रणजीत एवं दीपक ने डॉ. श्रीवास्तव और उनकी पत्नी सुनीता श्रीवास्तव का शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ एवं उपहार भेंट कर स्वागत किया। प्रज्ञा अग्रवाल ने कहा कि डॉ. श्रीवास्तव की उपलब्धि सभी के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने उनके योगदान की सराहना करते हुए उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। डॉ. श्रीवास्तव ने बैंक परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।





## सम्राट अशोक धम्मविजय दशमी पर निकली विशाल धम्म संदेश यात्रा

**जबलपुर।** सम्राट अशोक धम्मविजय दशमी महापर्व पर मंगलवार को जबलपुर में विशाल धम्म संदेश यात्रा निकाली गई। डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर चौक से प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरू हुई यात्रा घंटाघर, मालवीय चौक, तीन पट्टी चौक, शास्त्री ब्रिज, दशमेश द्वार, मेडिकल कॉलेज, अंधमूक बाईपास और लम्हेटा होते हुए गोपालपुर, भेड़ाघाट मार्ग स्थित प्राचीन बौद्ध मठ सम्राट अशोक बौद्ध घाट पहुंची, जहां सभा के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। यात्रा में भगवान बुद्ध एवं सम्राट अशोक की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। करुणा बौद्ध विहार, शांति नगर और पंचशील बुद्ध विहार, जय भीम नगर ने स्वागत किया। यात्रा में बुद्ध के शांति, करुणा, मैत्री और सद्भाव के संदेश गूंजते रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भंते धम्मसरण ने की। मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस अधिकारी जगदीश जटिया तथा विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता देवेश चौधरी रहे। मुख्य संयोजक राम रतन यादव सहित बैजनाथ पटेल, वृंदावन वर्मा, मनोज बाघमरे, उदयभद्र बौद्ध, अनंत कुमार कुशवाहा, संतोष मराठा, भीमराव साखरे, वैद्य जी, ईश्वरी बौद्ध, एनके टिंभुरने, वंदना गायकवाड़, ममता टिंभुरने, संघमित्रा बौद्ध, सुजाता बौद्ध और डॉ. साहू मैडम सहित हजारों लोग शामिल हुए। वक्ताओं ने बुद्ध, सम्राट अशोक और डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने तथा संविधान के मूल्यों पर चलने का आह्वान किया।

## जबलपुर में 67वां पुलिस शहीद स्मृति दिवसः एडीजी प्रमोद वर्मा, डीआईजी अतुल सिंह और पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

**हरिभूमि, जबलपुर।** देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर पुलिसकर्मियों की स्मृति में बुधवार को छठवीं प्रशिक्षण वाहिनी, विशेष सशस्त्र बल (विसबल), जबलपुर में 67वां पुलिस शहीद स्मृति दिवस आयोजित किया गया। इस अवसर पर देशभर में कर्तव्यपालन के दौरान शहीद हुए 154 पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मध्यप्रदेश पुलिस के वर्ष 2025-26 में शहीद हुए नौ जवानों का भी स्मरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक जबलपुर जोन प्रमोद वर्मा के वाहिनी परिसर पहुंचने पर जिला पुलिस बल और विशेष सशस्त्र बल की प्लाटूनों ने सलामी दी। इसके बाद एडीजी प्रमोद वर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक जबलपुर रेंज अतुल सिंह, पुलिस कप्तान जबलपुर संपत उपाध्याय और सेनानी छठवीं वाहिनी सिद्धार्थ चौधरी ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर जवानों को नमन किया।



**शहादत की गाथा का किया स्मरण-** पुलिस शहीद स्मृति दिवस का इतिहास 21 अक्टूबर 1959 से जुड़ा है। पूर्वी लद्दाख के हॉट स्प्रिंग क्षेत्र में गश्त कर रहे केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों पर चीनी सैनिकों ने घात लगाकर हमला किया था। इस मुठभेड़ में सीआरपीएफ के 10 वीर जवानों ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन्हीं के बलिदान की स्मृति में प्रतिवर्ष 21 अक्टूबर को पुलिस शहीद स्मृति दिवस मनाया जाता है।

**जनवरी 1960 से लगातार हो रहा आयोजन-** जनवरी 1960 में दिल्ली में आयोजित पुलिस महानिरीक्षकों के सम्मेलन में बुधवार को शहीद पुलिसकर्मियों की स्मृति में दिवस मनाने का निर्णय लिया गया था। तब से यह दिन देश की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और नागरिकों की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर बन गया है।

**शहीदों के परिजनों का किया सम्मान-** समारोह में एडीजी प्रमोद वर्मा ने शहीद पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन करते हुए उनके बलिदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि पुलिस शहीद स्मृति दिवस उन वीर जवानों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने कर्तव्यपथ पर अपने प्राण न्योछावर कर पुलिस बल का गौरव बढ़ाया। उनकी शहादत आने वाली पीढ़ियों को देशसेवा, साहस और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देती रहेगी।

### विंध्य क्षेत्र को मिलेगी नई मेमू ट्रेन की सौगात

**जबलपुर।** रेल मंत्रालय ने देवेंद्र नगर–चुरहट के बीच नई मेमू ट्रेन के संचालन को मंजूरी दी है। गाड़ी संख्या 61629/61630 की यह सेवा 24 अक्टूबर 2026 से रविवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलेगी। ट्रेन में आठ कोच होंगे।देवेंद्र नगर से ट्रेन सुबह 7 बजे रवाना होकर दोपहर 1:15 बजे चुरहट पहुंचेगी। वापसी में चुरहट से दोपहर 3 बजे चलकर रात 9:45 बजे देवेंद्र नगर पहुंचेगी। मार्ग में फुलवारी, नागोद, बरेठिया, करही, सतना, कैमा, सकरिया, हिनौतारामबन, बघाई रोड, तुरकी रोड, रीवा, सिलपरा, गोविंदगढ़, बघवार और रामपुर नैकिन सहित 15 स्टेशनों पर ठहराव होगा।नई रेल सेवा से दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। साथ ही सतना, रीवा और आसपास के धार्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों तक पहुंच आसान होने से क्षेत्र में पर्यटन और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## 1100 सुहागिनों का पूजन कर भेंट किया मां का श्रृंगार

**जबलपुर।** दशहरा पर्व पर मदन महल कालीमठ स्थित श्री मिश्रा सदन में समाजसेवी अमित मिश्रा द्वारा पारंपरिक सुहागले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 1100 सुहागिन महिलाओं का विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर उन्हें मां भगवती के श्रृंगार स्वरूप उपहार भेंट किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि यामिनी जगत बहादुर सिंह तथा विशिष्ट अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू उपस्थित रहे। आयोजन में अनेक गणमान्य नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। अमित मिश्रा द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित यह धार्मिक कार्यक्रम नारी सम्मान, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रतीक बन गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और आपसी सद्भाव मजबूत होता है। उपस्थित अतिथियों एवं श्रद्धालुओं ने आयोजन की सराहना की।



## जीरो वेस्ट पद्धति से हुआ दुर्गा भंडारा

**जबलपुर।** स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत नगर निगम की 'स्वच्छ पर्व, हरित पर्व' पहल के अंतर्गत तिलहरी स्थित राजुल टाउनशिप संयुक्त दुर्गा उत्सव समिति ने जीरो वेस्ट पद्धति से भंडारे का आयोजन किया।समिति अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित भंडारे में डिस्पोजेबल दोना-पत्तल के स्थान पर प्लेटों तथा प्लास्टिक गिलास की जगह स्टील के गिलास का उपयोग किया गया। कचरे के उचित संग्रहण के लिए आयोजन स्थल पर जगह-जगह डस्टबिन रखे गए। श्रद्धालुओं के लिए नगर निगम द्वारा टैंकर से पेयजल की व्यवस्था भी की गई।इस पहल के माध्यम से धार्मिक आयोजनों में स्वच्छता बनाए रखने, एकल उपयोग प्लास्टिक से बचने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। नगर निगम का उद्देश्य जनसहभागिता से धार्मिक आयोजनों को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं कचरा मुक्त बनाना है।



## अदिति कुमार को एमए कथक की उपाधि

**जबलपुर।** सुरप्रभा संगीत महाविद्यालय, जबलपुर की छात्रा अदिति कुमार को एमए कथक की मेरिट सूची में छठवां स्थान प्राप्त करने पर ग्वालियर के राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल द्वारा उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया गया। अदिति संगीत गुरु मोती शिवहरे के मार्गदर्शन में कथक का अध्ययन कर रही हैं तथा नवरंग कथक कला केंद्र से भी प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों एवं कला जगत में हर्ष का माहौल है। अदिति की माता विनीता पैगवार शासकीय विद्यालय में शिक्षिका होने के साथ साहित्यकार भी हैं, जबकि पिता डॉ. अनिल कुमार कोरी शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, जबलपुर में विद्युत विभाग के विभागाध्यक्ष एवं उप प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं।

## कथक नृत्यांगना गज़ल शिवहरे सम्मानित

**जबलपुर।** राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर के दीक्षांत समारोह में कथक नृत्यांगना गज़ल शिवहरे को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने एमए कथक की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर अपने संस्थान और शहर का नाम रोशन किया। वर्तमान में गज़ल पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय क्रमांक-1, एसटीसी, जबलपुर में नृत्य शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने कथक की शिक्षा गुरु मोती शिवहरे के मार्गदर्शन में प्राप्त की। अपनी उपलब्धि पर गज़ल ने कहा कि यह गौरवपूर्ण क्षण उनके गुरुदेव के अमूल्य मार्गदर्शन तथा माता-पिता के आशीर्वाद और तपस्या का परिणाम है। उनकी इस उपलब्धि पर कला जगत में हर्ष है।

## मुख्य दशहरा चल समारोह में शामिल हुए लोक निर्माण मंत्री

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह तीन पत्ती चौक पर आयोजित मुख्य दशहरा चल समारोह में शामिल हुए। मुख्य दशहरा चल समारोह में सर्वप्रथम गोविंदगंज रामलीला समिति की मनोहारी झांकियां निकलीं। तत्पश्चात लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह एवं सभी जनप्रतिनिधियों ने श्रीराम जी का पूजन-अर्चन किया। इसके बाद मुख्य दशहरा चल समारोह प्रारंभ हुआ।इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक लखन घनघोरिया एवं डॉ. अभिलाष पांडे, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी परांजपे, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती आत्मिका सिंह, उपाध्यक्ष अभय सिंह ठाकुर, महामंत्री पंकज दुबे एवं रंजीत पटेल, वरिष्ठ नेता कमलेश अग्रवाल, पूर्व विधायक विनय सक्सेना तथा नगर निगम के समस्त एमआईसी सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

I, MST NASRIN KHATUN is legally Wife of ARMY NO- 15676839H, Rank- HAV, Name- MD IBABUL MALLICK presently residing at Vill- MAHAMMADPUR, POST--SOMPARA, Teh-BERHAMPORE, Distt MURSHIDABAD, State-WEST BENGAL, PIN- 742163 शपथपूर्वक नि. लि. कथन करती हूँ कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम NASRIN KHATUN दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम MST NASRIN KHATUN दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए। द्वारा शपथ पत्र नं. BY 563910 दिनांक 21-10-26 नोटरी जबलपुर म.प्र.।

गलत नाम
NASRIN KHATUN
सही नाम
MST NASRIN KHATUN

**CHANGE OF NAME**

I, **RAVINA** (existing name of spouse as per NOK) is legally wedded spouse of No **4584049A** Rank **HAV** Name **ATIP KUMAR** presently, residing at **VILL - FUTARA, PO - CHHINDA, TEH-PARASIA, DISTT- CHHINDWARA (MP)-4870 6139 0998** I, have changed of my name from **RAVINA** (Name as per my Husband, Army service records) to **RAVINA SURYAWANSHI** (name as per my **AADHAR CARD NO. 4194 7279 9926 AND PAN CARD LDYPS9864E)** vide affidavit dated **21/10/2026** formerly before Public Notary JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
RAVINA SURYAWANSHI
INCORRECT NAME
RAVINA

**आम सूचना**

मैं राजेश वासवानी पिता स्व. किशन चंद वासवानी निवासी-ग्वारीघाट, रेत नाका से आगे सुखसागर ब्लू अपार्टमेंट में निवास करता हूँ मेरा आधार नं. 675752790953 है। आज दिनांक 08.09.2026 को मैं अपने घर से मेडिकल कॉलेज किसी काम से जा रहा था, रामपुर चौक से एम.पी.वी. शक्तिनगर रोड के बीच मेरा ब्लेक कलर का बैग गिर गया, जो बहुत ढूढने पर भी नहीं मिला। बैग में मेरी बैंक ऑफ महाराष्ट्र की पासबुक जिसका खाता नं. 680344060019 है एवं दो चैक जिनका चैक क्रमांक 081696 एवं 081697 है, जो मेरे बहुत जरूरी दस्तावेज है। अतः मेरी बैंक की पासबुक एवं चैक की सूचना दर्ज की जाये यदि किसी को इन दस्तवेजो की जानकारी लगती है तो मुझे सूचित किया जाये और आने वाले समय में इस क्रमांक के चैकों का कोई मिस यूज (420) ना किया जा सके इसलिये आज दिनांक 08.09.2026 के बाद चैक क्रमांक 081696 एवं 081697 को खारिज किया जाये।

दिनांक- 08.09.2026
स्थान- जबलपुर
राजेश वासवानी
मोबाईल नं. - 9109816180